सार-समाचार

स्कूली छात्र-छात्राओं को जर्सी बांटी

करौली, (निसं)। यहां के प्रमुख व्यवसायी हाजी रुखसार ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में शनिवार को मौलाना आजाद चिल्ड्रन सेकेंडरी उच्च माध्यमिक विद्यालय बजे बरकत में 407 स्कूली छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म जर्सी वितरण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम थे देखने लायक यह है कि शहर के प्रमुख व्यवसायी हाजी रुखसार के पिता स्वर्गीय हाजी बाबू भाई और माता स्वर्गीय रशीदा खातून का स्वर्गवास वैसे तो अलग-अलग वर्षों में हुआ लेकिन दोनों का 10 जनवरी को हुआ इसलिए उनके पुत्र हाजिर रुखसार हर वर्ष 10 जनवरी को दोनों की एक साथ बरसी मनाते चले आ रहे हैं जिनकी याद में प्रमुख व्यवसायी हर वर्ष कभी गरीबों को तो कभी स्कूली बालकों को गर्म जर्सी कंबल आदि का वितरण करते चले आ रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने शनिवार को 10 जनवरी के अवसर पर अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में 407 बच्चों को गर्म जर्सी वितरण की इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा की बच्चों को गरम गरम जर्सी वितरण करना बहुत पूर्ण का काम है क्योंकि इस समय सर्दी का पीक समय चल रहा है जिससे उनका बचाव होगा इसी मौके पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने कहा हाजी रुखसार ऐसे पुन्य कार्यों के नाम से जाने जाते हैं जिनके द्वारा कभी बच्चों को तो कभी गरीबों को और कभी साधु संतों को ऐसे पुण्य काम करते रहते हैं इस मौके पर फजले अहमद अशफाक एडवोकेट रिजवान मेंबर आदि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र शुरू

सवाई माधोपुर, (निसं)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में शनिवार से जन औषधि केंद्र शुरू हो गया है। स्टेशन अधीक्षक लोकेंद्र कुमार मीना ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सफर के दौरान तबीयत बिगड़ने या अपनी नियमित दवाओं की खुराक भूल आने वाले यात्रियों को अब स्टेशन पर ही बाजार से कम कीमत पर ब्रांडेड क्वालिटी की जेनेरिक दवाएं मिल सकेंगी। यह केंद्र पिछले चार माह से बंद था जिसके कारण यात्री परेशान थे। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत जन औषधि केंद्रों पर बाजार की तुलना में पचास से अस्सी प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं, सर्जिकल आइटम, सेनेटरी पैड व बच्चों तथा बड़ों के डायपर उपलब्ध कराए जाते हैं। सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन सहित ट्रक यूनियन, आस्था सर्किल, अपेक्स सेविका हॉस्पिटल रोड, सदर बाजार सिटी तथा सामान्य चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्रों का सफल संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक, मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक सहित गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित थे। इसके पूर्व केंद्र संचालक प्रणय शर्मा ने अतिथियों का माला, पट्टिका व साफा पहना कर स्वागत किया।

श्रीमद्देवी भागवत कथा का होगा आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुप्त नवरात्र के अवसर पर पहली बार श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह कथा 19 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक नहर रोड स्थित शिवम मैरिज होम में होगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई आम सभा में व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रीमद् देवी भागवत कथा का प्रवचन आचार्य अशोक दीक्षित करेंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए व्यवस्थाओं को विभिन्न समूहों में बांटने का निर्णय लिया गया है। यह आयोजन मां चक्रपाणि भक्त मंडल के तत्वावधान में हो रहा है, जिसके मुख्य यजमान रामगोपाल गुप्ता टोकसी हैं।कथा से पहले 19 जनवरी को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा तहसील प्रांगण स्थित श्री चक्रपाणि दुर्गा मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल शिवम मैरिज होम पहुंचेगी। कलश यात्रा की जिम्मेदारी वासुदेव बंसल, अशोक बंसल, कैलाश खंडेलवाल, दिनेश करणपुर और चंदा सोनी सहित अन्य सदस्यों को सौंपी गई है। भोजन और प्रसादी व्यवस्था के लिए रामकिशोर खंडेलवाल, डिंपल हलवाई, मिंटू गोयल, राजू नौगांव, विजय ठाकुरिया और श्याम सलावदिया को दायित्व दिया गया है। व्यासपीठ, लाइट और डेकोरेशन की व्यवस्थाएं नंदकिशोर धोलेटा, राजेंद्र कुमार दुसाद, कृष्ण कुमार गोयल, संतोष नारोली और राजेंद्र कुसुम संभालेंगे। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का दायित्व गौरव मालधनी, सागर शर्मा और ओम अग्रवाल को सौंपा गया है। आचार्य अशोक दीक्षित ने बताया कि कथा के दौरान सस्वर सत चंडी दुर्गा पाठ भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पाठ पोथी यजमानों सहित गंगापुर सिटी की सभी जनता की मंगल कामना, सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए लाभकारी होंगे। आचार्य ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के चुनाव आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के द्विवार्षिक चुनाव रविवार 11 जनवरी को दोपहर एक बजे से सैनी मैरिज हॉम हैड पोस्ट ऑफिस के पास ईदगाह मोड मिर्जापुर में आयोजित किए जायेंगें। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि चुनाव निर्वाचन अधिकारी हरिचरण गुप्ता रि प्रिंसिपल की देखरेख में संपन्न होगें। जिसमें स्थाई आजीवन, विशिष्ठ व साधारण सदस्यो को मत देने का अधिकार होगा। उन्होने सभी सम्मानिय सदस्यो से निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

स्कूल विद्यार्थियों को बांटी जर्सी व टोपे

गंगापुर सिटी, (निसं)। कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए भामाशाहों के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल छोटी उदेई में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गईं। स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश मीना, डॉ. मुकेश मीना और उनके अग्रज रामजी मीना ने विद्यार्थियों को जर्सियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. धर्मवीर मंडावत, वाइस प्रिंसिपल राधाकिशन मीना, स्कूल स्टाफ और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भामाशाहों ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूल प्रशासन ने इस सहयोग के लिए भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए क्षैत्र के भामाशाहो से सहयोग करेन की अपील की।

विदाई समारोह आयोजित

करौली, (निसं)। राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास में शुक्रवार को कक्षा 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने डीजे की धुन पर विभिन्न गीतों पर नृत्य किया और समारोह को यादों का संगम बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक बबलू शर्मा रहे जिन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इसी छात्रावास में पढ़ाई कर इसी छात्रावास की अधीक्षक बनी प्रियंका मीणा की तरह वह भी कठिन मेहनत और आत्मविश्वास के साथ उच्च पदों पर आसीन हों। इससे पूर्व छात्रावास अधीक्षक प्रियंका मीणा ने बबलू शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मीणा ने छात्राओं से कहा कि वे जहां भी जाएं अपने संस्कार, आत्मबल और मेहनत से नई ऊंचाइयां छूएं। यह विदाई एक अंत नहीं बल्कि नई शुरुआत है। समारोह में छात्राओं ने डीजे पर बजते मनपसंद पारंपरिक गीतों की धुनों पर नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत बनाया। इसके बाद जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

सक्षम संगठन अधिवेशन आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिव्यांगजनो को आत्मनिर्भर एवं समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए संक्षम संगठन के तत्वाधान में जिला अधिवेशन 11जनवरी रविवार को भगवती पैलेस में दोपहर 12 बजे शाम 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन में जिलेभर से दिव्यांगजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगें जिसमें दिव्यांगजनो के अधिकारी, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्स सुविधाओ और सरकारी योजनाओ की जानकारी पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में भी सभी के विचार लिए जायेंगे।

राकेश अध्यक्ष व नीरज मंत्री निर्वाचित

भरतपुर, (निसं)। सर्राफा व्यापार संघ भरतपुर के द्विवार्षिक चुनाव में वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष राकेश गोयल एवं मंत्री नीरज कुमार बंसल को विजयी घोषित किया गया, 89 मतपत्र डाले गये जो कमेटी की सदस्यों द्वारा दिये गये। अध्यक्ष को 47 वोट मिले व मंत्री को 50 वोट मिले।

कांकररेती गांव में शॉर्ट सर्किट से छप्परपोश मकान में लगी आग

■ आग से घरेलू सामान, पशुओं का चारा और अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर राख

गंगापुर सिटी, (निसं)। कांकर रेती गांव में शुक्रवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लालाराम सैनी पुत्र रामभरोसी माली के घर में लगी इस आग से घरेलू सामान, पशुओं का चारा और अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर राख हो गईं। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई, जब बिजली के केबल में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली और आग तेजी से फैल गई।

ग्रामीण बलराम सैनी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दो छप्परपोश जलने लगे। छप्परों में रखा सारा सामान भी आग की चपेट में आ गया। आग की लपटें देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल प्रभारी जुगलकिशोर के अनुसार रात में आग की सूचना मिलने पर फायरमैन रामनरेश और राजेंद्र दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

हालांकि, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग से घर में रखा पशुओं का चारा पूरी तरह जल गया, जिससे पशुपालक परिवार की आजीविका प्रभावित हुई है। इसके अलावा रजाइयां, गद्दे, बच्चों के स्कूल के कपड़े, दो पलंग और खाट सहित अन्य घरेलू सामग्री भी नष्ट हो गई। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को सामान निकालने का मौका नहीं मिल सका। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। इस अग्निकांड से पीड़ित परिवार का समस्त सामान जल गया, जिससे उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे परिवार को दोबारा सामान्य जीवन शुरू करने में मदद मिलेगी।

नववर्ष मिलन समारोह आज

भरतपुर, (निसं)। अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति भरतपुर द्वारा 11 जनवरी रविवार को 2 बजे से स्थानीय होटल ओम कॉम्प्लेक्स सरकूलर रोड, भरतपुर में समिति संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय खेमचंद अठावाल की स्मृति में भक्ति भाव भरा नववर्ष मिलन एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह मनाया जावेगा। महामंत्री महेश चंद सिंघल ने बताया कि समिति द्वारा संचालित महाराजा अठासेन निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के सफल 60 प्रशिक्षणार्थियों को समारोह के मुख्य अतिथि डा. सुभाष गर्ग (पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार एवं वर्तमान विधायक भरतपुर) तथा सीए अतुल मित्तल अध्यक्ष जिला अठावाल महासभा भरतपुर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद के साथ अपने कर कमलों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

डीएस साइंस एकेडमी व ओप्पो मास्टर ब्लास्टर ने जीता मैच

गंगापुर सिटी, (निसं)। नई दिशा सोसाइटी द्वारा आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट गंगापुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन-10 के शनिवार को खेले गए मुकाबलों में डीएस साइंस एकेडमी और ओप्पो मास्टर ब्लास्टर ने जीत दर्ज की।

दिन का पहला मुकाबला एफसीए डोमिनेटर्स और डीएस साइंस एकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डीएस साइंस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआती विकेट गिरने के बाद कपिल कुमार ने 55 रन और अशोक सिंह ने नाबाद 51 रन की तेज पारी खेली, जिससे टीम ने 20 ओवर में 156 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफसीए डोमिनेटर्स की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन हिमांशु शर्मा और शहवाज खान ने तीन-तीन विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। एफसीए की ओर से पंकज यादव ने सर्वाधिक 29 रन बनाए, पर पूरी टीम 20 ओवर में 130 रन ही बना सकी। इस प्रकार, डीएस साइंस एकेडमी ने यह मुकाबला 26 रन से जीत लिया। पहले मैच में राजवीर को कैच ऑफ द मैच, शहवाज को बॉलर ऑफ द मैच और मैन ऑफ द मैच, तथा पंकज को सिक्स ऑफ द मैच चुना गया। टॉस के बॉस विष्णु अग्रसेन रहे। दिन का दूसरा मुकाबला एसवीपीएस इलेवन और ओप्पो मास्टर ब्लास्टर के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर ओप्पो मास्टर ब्लास्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद गाजी के 31 गेंदों पर 50 रन और गोपाल चाहर के 25 गेंदों पर 41 रन की बदौलत 20 ओवर में 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। एसवीपीएस की ओर से शुभम शर्मा और हंसराज मीणा ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में एसवीपीएस इलेवन की शुरुआत खराब रही और 17 रन पर तीन विकेट गिर गए।

साकेत शर्मा के 47 रन से मैच में रोमांच आया, लेकिन उनके आउट होते ही ओप्पो के गेंदबाजों ने पकड़ मजबूत कर ली। भागीरथ ने नाबाद 50 रन बनाए, फिर भी टीम लक्ष्य से दूर रह गई। ओप्पो मास्टर ब्लास्टर ने यह मैच 49 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में अरुण सिंह को कैच ऑफ द मैच, साकेत शर्मा को सिक्स ऑफ द मैच तथा मोहम्मद गाजी को मैन ऑफ द मैच और बॉलर ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबलों के दौरान जीपीएल कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

चेतावनी महारैली में भरतपुर से हजारों कर्मचारी होंगे शामिल

भरतपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की 12 जनवरी 2026 को जयपुर में आयोजित चेतावनी महारैली में भरतपुर से हजारों कर्मचारी भाग लेंगे।

महासंघ की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि रैली को लेकर कर्मचारियों में बहुत उत्साह है ,प्रत्येक विभाग से बड़ी संख्या में कर्मचारी जयपुर पहुंच रहे हैं। कर्मचारियों की यह ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें एक लाख से अधिक कर्मचारी भाग लेंगे। मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल ने बताया कि राज्य सरकार की कर्मचारी संयुक्त महासंघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर मांग पत्र को लागू करने, वेतन विसंगति दूर कर केंद्र के समान वेतनमान दिलाने ,नियमित पदोन्नित दिलाने, 7-14- 21-28 - 35 वर्षीय सेवा पर पदोन्नित का वेतनमान देने, संविदा पर नियुक्त कार्मिकों को नियमित करने, पुरानी पेंशन स्कीम को यथावत रखने, भरतपुर संभाग मुख्यालय के कार्मिकों को अन्य संभाग मुख्यालय की तर्ज पर 20: मकान किराया भत्ता दिलाने, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों को ग्रामीण भत्ता दिलाने, एएनएम-एलएचबी का पद नाम परिवर्तन करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने , पुलिस सेवा के कार्मिकों को साप्ताहिक अवकाश स्वीकृत कराने एवं अन्य मुद्दों की मांग को लेकर भरतपुर से हजारों की संख्या में कर्मचारी 12 जनवरी को जयपुर में आयोजित चेतावनी महारैली में भाग लेंगे। महासंघ के संयोजक एवं कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला मंत्री मनोज कुमार कुंतल ने कहा कि 12 जनवरी को कलेक्ट्रेट व पशुपालन विभाग के सामने से प्रत्येक विभाग की अलग-अलग बसें व निजी वाहन बैनर सहित सभी विभागीय जिला अध्यक्षों के पर्यवेक्षण में प्रात: 7 बजे काली बगीची,हीरा दास सर्किल पेट्रोल पंप से होते हुए जयपुर को रवाना होंगे।

इसके अलावा सभी तहसील मुख्यालयों से बस व निजी वाहन द्वारा बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रात: 7 बजे रवाना होंगे। खेरली मोड पुलिस थाना के सामने एक चेकपोस्ट बनाई जाएगी, जिसमें वाहन संख्या ड्राइवर का मोबाइल नंबर व कर्मचारियों की संख्या लिखी जाएगी।

संपर्क अभियान तेज करने का आव्हान किया

भरतपुर, (निसं)। उपाध्याय पाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा रही। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने आगामी चुनावो को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आठाह किया कि वे घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अभियान की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने संगठन को मजबूत करने और भविष्य की कार्ययोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने का संकल्प दिलाया

आरोपी गिरफ्तार

सरमथुरा, (निसं)। पुलिस ने वनकर्मी जितेंद्र सिंह शेखावत पर हमला करने के मामले में एक ट्रैक्टर चालक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में वनकर्मी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।

यह घटना बुधवार देर रात करीब 12 बजे सरमथुरा उपखंड के झिरी गांव में हुई। अवैध रेत माफियाओं ने वनकर्मी जितेंद्र सिंह शेखावत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाकर हमला किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामसेवक उर्फ चालू पुत्र रामजीलाल गुर्जर, निवासी चिल्लीपुरा, कस्बा नगर, थाना बसई डांग के रूप में हुई है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल जांगिड़ ने बताया कि क्षेत्रीय वन अधिकारी वन्य जीव चंबल सेवक द्वारा 8 जनवरी को रात 12:31 बजे झिरी चंबल सेवर वनपाल बने सिंह ने सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि बजरी खनन माफिया द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाकर वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत को कुचलने की कोशिश की गई।

मोहन सिंह गुर्जर राष्ट्रीय स्तरीय फातिमा शेख अवार्ड-2026 से सम्मानित

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय दलित साहित्य अकादमी, राजस्थान महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 7वें राष्ट्रीय स्तरीय सावित्री बाई फुले एवं फातिमा शेख सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर के साइंस पार्क ऑडिटोरियम, जयपुर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सचिव विधिक प्राधिकरण जयपुर की पल्लवी शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष समाज कल्याण बोर्ड (पूर्व राज्य मंत्री) डॉ. अर्चना शर्मा, राष्ट्रीय सचिव बाबूलाल निर्मल, प्रदेश महामंत्री भोमाराम बोस इत्यादि अतिथियों ने शिक्षा एवं समाजसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए करौली जिले की सपोटरा नगरपालिका के तुरसंगपुरा निवासी अध्यापक एवं युवा कवि समाजसेवी एनएसओ प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह गुर्जर को 7वें फातिमा शेख अवार्ड -2026 से सम्मान पत्र एवं प्रतीक चि देकर सम्मानित किया गया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेशाध्यक्ष हेमलता कांसोटिया ने बताया कि अध्यापक एवं युवा कवि समाजसेवी मोहन सिंह गुर्जर पिछले कई वर्षों से विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों यथा- शिक्षा, परिंडा अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता रैली, संस्कृति के संरक्षण, जन-जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इनके कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन के द्योतक हैं। जिसके परिणामस्वरूप इन्हें फातिमा शेख अवार्ड -2026 से सम्मानित किया गया हैं। इनके साथ मोहन सिंह गुर्जर की पत्नी दीपिका गुर्जर को भी सावित्री बाई फुले अवार्ड से सम्मानित किया गया।

पूर्व में भी मोहन सिंह गुर्जर अन्तर्राष्ट्रीय आशु काव्यश्री सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान, मानव योद्धा सम्मान, नारी रत्न अवार्ड, भारत गौरव रत्न सम्मान इत्यादि विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर एनएसओ, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राकेश मेहरा, जिला अध्यक्ष कल्लू प्रजापति, एमडी इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा दीपिका गुर्जर, युवा अध्यक्ष भूरसिंह मीना, पूनम फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय प्रजापत, इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हीरालाल महावर, कवि कृष्ण कुमार, महेश महूं, पदम महूं इत्यादि ने मोहन सिंह गुर्जर को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

'भाजपा सरकार मनरेगा कानून को खत्म करने का काम कर रही है'

■ पूर्व में मनरेगा के लिए केंद्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी और 10 प्रतिशत राज्य सरकार देती थी : विधायक घनश्याम मेहर

करौली, (निसं)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मोदी सरकार के द्वारा मनरेगा कानून को छीनने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि अब मोदी सरकार आपकी मजदूरी अपनी मर्जी से मनवाने ढंग से करेगी जिसका हम पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा की पहले मनरेगा कानून के तहत आम व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार मिलता था जिसकी हमारी सरकार ने पूर्ण गारंटी दी थी लेकिन अब अब भाजपा सरकार ने रोजगार गारंटी की पूरी प्रक्रिया को बदलकर रख दिया है जिससे आम व्यक्ति को रोजगार मिलना भारी पड़ेगा और देश में बेरोजगारी बढ़ेगी उन्होंने कहा कि पूर्व में मनरेगा के लिए केंद्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी और 10 प्रतिशत राज्य सरकार देती थी अब केंद्र मात्र 40 प्रतिशत देगा और राज्य सरकार 60 प्रतिशत देगी उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास तो कुछ है नहीं तो रोजगार कहां से देंगे अभी तक जिन्होंने रोजगार किया मजदूरी भी नहीं दे पाए हैं उन्होंने स्पष्ट में कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा कानून को खत्म करने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस आम जनता के साथ सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे और रविवार को धरना दिया जाएगा उन्होंने कहा कि 18 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंचकर आमजन को मनरेगा कानून को खत्म करने की जानकारी देकर जागरूक करेंगे और भाजपा सरकार द्वारा ले जा रहे नए कानून का विरोध करेंगे।

पूर्व विधायक लखन सिंह मीणा कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा की जगह नया कानून लाने से ग्रामीणों के सामने भूखे मरने का संकट आने वाला है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 125 दिन का रोजगार देने का प्रोपेगेंडा कर रही है जबकि ऐसा नहीं है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीआर खटाना ने कहा कि अब राज्य सरकारों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा खर्च बढ़ाने के लिए हो सकता है वह काम ही उपलब्ध नहीं कराए ऐसी स्थिति में गरीबों को रोजगार मिलना दुर्लभ होगा उन्होंने कहा कि पहले 90 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ भूपेंद्र भारद्वाज एडवोकेट महेंद्र मुद्गल एडवोकेट राजेश भारद्वाज एडवोकेट रमेश सिंह गुर्जर पूर्व जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा नगर परिषद उपसभापति सुनील सैनी महेंद्र सूरोठिया मजीद खान शाहिद कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

विराट हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को

भुसावर, (निसं)। भुसावर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 1 फरवरी को भव्य श्विराट हिंदू सम्मेलन् आयोजित होगा। राजेंद्र मित्तल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारिणी का गठन कर ओमप्रकाश, ऊषा बहन और ताराचंद को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। हिंदू समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक जागरूकता के इस बड़े समागम की तैयारियों और महत्वपूर्ण निर्णयों की पूरी जानकारी यहाँ पढ़ें। भुसावर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर भुसावर की धरा एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक समागम की साक्षी बनने जा रही है। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में केशव वस्ती द्वारा आयोजित होने जा रहे श्विराट हिंदू सम्मेलनश् को लेकर क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक हलकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन न केवल हिंदू समाज की एकजुटता का प्रतीक बनेगा, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस भव्य सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने हेतु हिण्डौन सड़क मार्ग स्थित यूको बैंक के समीप, सेठ गूजरमल चौरिटेबल धर्मशाला में देर शाम एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। राजेंद्र मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केशव वस्ती के प्रबुद्ध नागरिकों और प्रखर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक का संचालन और मार्गदर्शन संयोजक ओमप्रकाश, सह-संयोजक ऊषा बहन तथा सह-संयोजक ताराचंद के सानिध्य में संपन्न हुआ। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि इस सम्मेलन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर उनमें राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करना है।

17 सीसीए के तहत आरोप पत्र किया जारी

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलम सक्सेना ने राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अंतर्गत राउमावि करीरी, ब्लॉक टोडाभीम के प्रधानाचार्य राजकुमार मीना के विरुद्ध विभागीय आरोप पत्र जारी किया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापिका (विज्ञान) कविता व्यास द्वारा प्रधानाचार्य के विरुद्ध मानसिक प्रताड़ना एवं धमकाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी। प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हेतु जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा), करौली द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जांच समिति की सिफारिशों के अनुसार यह पाया गया कि दुर्घटना की परिस्थितियों में शिकायतकर्ता द्वारा विधिसम्मत रूप से ऑनलाइन प्रस्तुत अवकाश आवेदन के बावजूद अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया, वेतन कटौती की गई तथा शाला दर्पण पोर्टल पर अवकाश/अनुपस्थिति का गलत अंकन किया गया। समिति ने यह भी उल्लेख किया कि उच्चाधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उक्त कृत्य किए गए, जिससे अधीनस्थ कार्मिक को मानसिक प्रताड़ना हुई तथा पदेन अधिकारों के दुरुपयोग की स्थिति बनी। समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रधानाचार्य द्वारा अधीनस्थ कार्मिक के प्रति कठोर व हठधर्मिता पूर्ण व्यवहार के साथ स्थानीय निवासी होने के कारण जांच दल पर दबाब बनाने का भी प्रयास किया गया। इसलिए समिति की सिफारिशों के आधार पर मामले में नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की गई है।

जरूरतमंदों को राशन किट्स बांटी

भरतपुर, (निसं)। लायंस इंटरनेशनल की प्रांतीय गतिविधि पोषण पर्व सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा सामाजिक सरोकार की भावना के साथ एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। क्लब द्वारा 41 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट्स का वितरण किया गया। राशन किट्स में आटा, चावल, दाल, मसाले, खाद्य तेल एवं बिस्किट सहित आवश्यक खाद्य सामठी शामिल थी, जिससे जरूरतमंद परिवारों को पोषण संबंधी सहायता मिल सके। इस अवसर पर क्लब संरक्षक लायन विनोद सिंघल ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल के सेवा उद्देश्यों के अनुरूप पोषण पर्व सप्ताह के दौरान समाज के अंतिम व्यक्ति तक पोषण एवं राहत पहुँचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। क्लब भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर करता रहे